भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3136 का उत्तर

66601/02 कोयंबटूर-इरोड मेमू ट्रेन का विस्तार

3136. श्री के. ई. प्रकाश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास 66601/02 कोयंबटूर-इरोड मेमू (एमईएमयू) रेल सेवा को करूर और नामक्कल होते हुए सेलम तक विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ख) यदि हाँ, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है और इसके परीक्षण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि इस प्रकार के विस्तार से दैनिक आवागमन की बेहतर सुविधाओं के कारण कुमारपालयम, नामक्कल के छात्रों को अत्यधिक लाभ होगा; और

(घ) क्या सरकार यह भी मानती है कि प्रस्तावित विस्तार से नामक्कल के मंदिरों में जाने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा होगी और क्षेत्रीय संपर्क में सुधार होगा और यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्तमान में, कोयम्बत्तूर-ईरोड-करूर खंड और करूर-सेलम खंड क्रमशः 10 और 20 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित हैं। ये नीचे सूचीबद्ध हैं:

<u>कोयंम्बत्तूर - ईरोड - करूर खंड को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:</u>

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	12083/12084 मयिलाडुतुरै - कोयम्बत्तूर जन शताब्दी एक्सप्रेस

2	16615/16616 मन्नारगुडी - कोयम्बत्तूर एक्सप्रेस
3	16617/16618 रामेश्वरम - कोयम्बत्तूर एक्सप्रेस
4	16159/16160 चेन्नै एग्मोर - मंगलूरु सेंट्रल एक्सप्रेस
5	16843/16844 तिरुच्चिराप्पल्लि - पालक्काड टाउन एक्सप्रेस
6	16321/16322 नागरकोविल जंक्शन - कोयंबत्तूर एक्सप्रेस
7	16187/16188 कारैक्काल - एरणाकुलम एक्सप्रेस
8	16857/16858 पुदुच्चेरी - मंगलूरु सेंट्रल एक्सप्रेस
9	22667/22668 नागरकोविल जंक्शन - कोयंबत्तूर एक्सप्रेस
10	22629/22630 दादर - तिरुनेलवेली एक्सप्रेस

<u>करूर - सेलम खंड को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:</u>

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	11021/11022 दादर - तिरुनेलवेली एक्सप्रेस
2	12689/12690 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - कन्याकुमारी एक्सप्रेस
3	16231/16232 कडलूर पोर्ट - मैसूरु एक्सप्रेस
4	16235/16236 तूत्तुक्कुडि - मैसूरु एक्सप्रेस
5	16339/16340 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मिनस) - नागरकोविल जंक्शन एक्सप्रेस
6	16353/16354 काचीगुडा - नागरकोविल जंक्शन एक्सप्रेस
7	16733/16734 रामेश्वरम - ओखा एक्सप्रेस
8	16787/16788 तिरुनेलवेली - श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस
9	16811/16812 मयिलाडुतुरै - सेलम एक्सप्रेस
10	17235/17236 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु - नागरकोविल जंक्शन एक्सप्रेस
11	17315/17316 वास्को-द-गामा - वेलांकन्नि एक्सप्रेस

12	19567/19568 तूतुक्कुडि - ओखा एक्सप्रेस
13	20493/20494 मदुरै - चंडीगढ़ एक्सप्रेस
14	20601/20602 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - बोडिनायक्कनूर एक्सप्रेस
15	20671/20672 मदुरै - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
16	22497/22498 श्री गंगानगर - तिरुच्चिराप्पल्लि हमसफर एक्सप्रेस
17	22651/22652 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - पालक्काड एक्सप्रेस
18	22715/22716 काचीगुडा - मदुरै एक्सप्रेस
19	76821/76822 सेलम - करूर पैसेंजर
20	76823/76824 सेलम - करूर पैसेंजर

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत करना/विस्तार करना, जो एक सतत प्रक्रिया है, विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जो निम्नानुसार हैं:

- उस खंड की क्षमता।
- पथ की उपलब्धता।
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता।
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण संबंधी आवश्यकता।

****